भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

भागलपुर नगर निगम

कोर्ट कंपाउण्ड, भागलपुर–812001

NIA No- NIA/BSCL/04/2023	Dated 08-11-2023

तिलकामांझी बस डिपो में नवनिर्मित ऑटो स्टैण्ड के संचालन एवं रख–रखाव की बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तिलकामांझी बस डिपो में नवनिर्मित ऑटो स्टैण्ड के संचालन एवं रख–रखाव की बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन नीलामी आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/व्यक्ति नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते है। विज्ञापन के पूर्ण विवरणी को भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वेबसाईट www.smartcitybhagalpur.org से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24/11/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक है।

8/11/23

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

भागलपुर नगर निगम

कोर्ट कंपाउण्ड, भागलपुर–812001

NIA No- NIA/BSCL/04/2023	Dated 08-11-2023

तिलकामांझी बस डिपो में नवनिर्मित ऑटो स्टैण्ड के संचालन एवं रख–रखाव की बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तिलकामांझी बस डिपो में नवनिर्मित ऑटो स्टैण्ड के संचालन एवं रख–रखाव की बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन नीलामी आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/व्यक्ति नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते है। विज्ञापन के पूर्ण विवरणी को भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वेबसाईट www.smartcitybhagalpur.org से प्राप्त किया जा सकता है।

नीलामी हेतु निविदादाताओं के लिए आवश्यक नियम एवं शर्तें:–

1. उपरोक्त नीलामी "जैसे के वैसी स्थिति में" पर आधारित है।
2. न्यूनतम निविदा की प्रस्तावित राशि 4,50,000.00 रू० है।
3. सुरक्षित धनराशि के रूप में जमा की जाने वाली राशि कुल प्रस्तावित मूल्य का 10% धनराशि संरक्षित जाम होगी (अग्रधन) के रूप में बैंक ड्राफ्ट निविदादाता को दिनांक–24/11/2023 को कार्यालय अवधि में अपराह्न 5 बजे तक जमा करना होगा। सुरक्षित धनराशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में CEO, Bhagalpur Smart City Limited, Payable at Bhagalpur के पक्ष में देय होगा। सफल निविदादाता को LOA प्राप्त करने के 7 दिनों के अंदर शेष धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। असफल निविदादाता की सुरक्षित धनराशि निविदा प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत वापस कर दी जाएगी। अगर सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि में प्रस्तावित राशि की शेष धनराशि भुगतान नहीं की जाती है तो उनकी सुरक्षित जमा राशि जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम निविदादाता (H2) को उनके द्वारा नीलामी के समय प्रस्तावित राशि पर कार्य आवंटन किया जायेगा एवं इसी प्रकार उक्त प्रक्रिया क्रमशः तृतीय, चतुर्थ निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं के लिए जारी रहेगा।
4. सफल निविदादाताओं को निर्धारित अवधि के भीतर शेष संपूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करने एवं स्मार्ट सिटी के खाते में निकासी हो जाने के तत्काल उपरांत उन्हें कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
5. उच्चतम निविदादाता (H1) को सफल घोषित किया जायेगा।
6. (क) आधार कार्ड (ख) पैन कार्ड (ग) दो रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो (घ) पिछले तीन साल का इनकम टैक्स की प्रति (ङ) जी०एस०टी० पंजीकरण की प्रति। उक्त प्रतियों को स्व–अभिप्रमाणित करते हुए सीलबन्द लिफाफे में कंडिका– 3 का बैक ड्राफ्ट के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के पास किसी भी समय बिना कारण बताए नीलामी की प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
भागलपुर नगर निगम
कोर्ट कंपाउण्ड, भागलपुर–812001

8. किसी भी तरह के विवाद उतपन्न होने पर न्यायिक प्रक्रिया भागलपुर अधिकार–क्षेत्र (Bhagalpur jurisdiction) में होगा।

9. यह नीलामी एक वर्ष के लिए होगी। सेवा संतोषप्रद रहने पर इसका अवधि विस्तार एक–एक वर्ष के लिये किया जाएगा।

10. निलामी निविदा से संबंधित मुख्य तिथि निम्नवत है:–

- निविदा जमा करने की तिथि 24/11/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
- निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय : 25/11/2023 अपराह्न 01:30 बजे, स्थानः भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर नगर निगम, कोर्ट कम्पाउण्ड।

उपस्थित होनेवाले निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे इस सूचना कि हार्ड कॉपी भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वेबसाइट www.smartcitybhagalpur.org से प्राप्त करने के उपरांत विधिवत हस्ताक्षर और सीलबन्द कर अपने प्रस्ताव के साथ भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के कार्यालय में निविदा बॉक्स में जमा करेंगें।

8/11/23

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।